BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net

Ref:.....................                                        Date:...........................

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (05.07.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:05.07.2025, PAGE-06**

# स्नातक पार्ट-थ्री की परीक्षा 17 से

- परीक्षा का कार्यक्रम जारी, 94 हजार परीक्षार्थी होंगे परीक्षा में शामिल
- छूटे विद्यार्थी नौ जुलाई तक विलंब शुल्क के साथ भर सकेंगे फॉर्म



**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरए बिहार विवि में स्नातक पार्ट-3 सत्र 2022-25 की परीक्षा का कार्यक्रम शुक्रवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राम कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑनर्स पेपर की परीक्षा 17 से 28 जुलाई तक होगी।

पहले दिन जीएस का पेपर होगा। परीक्षा में करीब 94 हजार परीक्षार्थी हिस्सा ले रहे हैं। बताया कि परीक्षा के लिए सभी विषयों को चार ग्रुप में बांटा गया है। जनरल विषयों की परीक्षा 17 से शुरू होकर 26 जुलाई तक होगी। परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी। पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर एक से चार बजे तक होगी। उधर, परीक्षा विभाग ने स्नातक पार्ट-3 सत्र 2022-25 के छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए एक और मौका दिया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि छूटे हुए परीक्षार्थी 5 से 9 जुलाई तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

इसके लिए परीक्षार्थियों को पांच सौ रुपये विलंब शुल्क देना होगा। इसके बाद छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने नहीं भरने दिया जाएगा।

## बीएएमएस दूसरे साल की परीक्षा का शेड्यूल हो जारी

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू से बीएएमएस करने वाले छात्र परेशान हैं। उनका कहना है कि छात्रों की अबतक प्रथम वर्ष की सप्लीमेंट्री परीक्षा नहीं हुई है। दूसरे वर्ष की परीक्षा भी लंबित है। छात्र इंद्रसेन कुमार, नवीन कुमार, वसी अहमद, अंशु प्रिया, संध्या कुमारी, सैयद सबा ने कहा कि परीक्षा और रिजल्ट के लिए हमलोगों ने कई बार परीक्षा विभाग से अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन अबतक परीक्षा की तारीख नहीं जारी की गई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:05.07.2025, PAGE-06


### एलएस कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन संगोष्ठी में शामिल हुए कुलाधिपति, स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

# विरासत का बोध और उसपर गर्व हो : राज्यपाल

**आयोजन**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि हमें अपनी विरासत का बोध और उसपर गर्व होना चाहिए। भारत की पहचान उसके बौद्धिक और सांस्कृतिक धन से है। भारत ने पूरी दुनिया को ज्ञान दिया है। वे एलएस कॉलेज के तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को शाइनिंग इंडिया टू अमृत काल, टुवर्ड्स एंड इंपावर्ड एंड विकसित भारत विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि विश्व की अन्य सभ्यताएं अन्य वजहों के लिए प्रसिद्ध हैं, लेकिन भारत दुनिया की एकमात्र ऐसी संस्कृति है, जिसकी निरंतरता है और यह ज्ञान व एकात्मता के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। सनातन संस्कृति भारत की आत्मा है, यह निरंतर और अविनाशी है। भारतीय संस्कृति धर्म, जाति या पंथ के आधार पर भेदभाव का समर्थन नहीं करती है। विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों, रीति-रिवाजों व खानपान की आदतों के बावजूद सभी भारतीय नागरिक एक और समान हैं। इससे पहले उन्होंने दूसरे दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके साथ केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी निषाद, उपमुख्यमंत्री विजयसिन्हा, बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय भी मौजूद रहे। एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. साजिदा अंजुम ने किया। इस दौरान राज्यपाल ने कॉलेज में पांच स्मार्ट क्लास, चहारदीवारी और नई बनी सड़क का उद्घाटन किया।






एलएस कॉलेज के 126वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान। मंच पर मौजूद उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी, कुलपति प्रो. डीसी राय व अन्य।

- सनातन संस्कृति भारत की आत्मा, यह निरंतर और अविनाशी है
- शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति से ही विकसित भारत की संकल्पना संभव : डॉ. राजभूषण

### एलएस कॉलेज लंगट बाबू की दूरदृष्टि का प्रमाण : कुलपति

कुलपति प्रो. राय ने कॉलेज के संस्थापक बाबू लंगट सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपनी उदारता और दूरदृष्टि से कॉलेज जैसे भव्य ज्ञान केंद्र की स्थापना की, बल्कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में भी अमूल्य योगदान दिया। एलएस कॉलेज की स्थापना समाज को ज्ञान और सशक्तीतरण का एक स्थायी स्रोत प्रदान करने का उनका गहरा समर्पण था। बीएचयू की स्थापना भारतीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा के समन्वय का प्रतीक थी।

### 126वां स्थापना दिवस गौरवशाली उत्सव : उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एलएस कॉलेज का स्थापना दिवस 126 वर्षों की ज्ञानगाथा का गौरवशाली उत्सव है। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और सेवा की 126 वर्षों की अखंड परंपरा का उत्सव है। यह वही संस्थान है, जिसने डॉ. राजेंद्र प्रसाद, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, आचार्य जे.बी. कृपलानी जैसे रत्न देश को दिए। यहां शिक्षा सिर्फ करियर नहीं, चरित्र निर्माण का माध्यम रही है। बिहार की धरती पर ज्ञान की जो दीपशिखा प्रज्जलित हुई थी, वह आज भी प्रज्जवलित है।

केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों की चर्चा करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को शिक्षा और तकनीक क्षेत्रों में गुणात्मक प्रगति कर ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने जल संरक्षण के प्रति सभी से प्रतिबद्ध रहने की अपील की और कहा कि पानी की हर बूंद कीमती है। कार्यक्रम में राज्यपाल और अन्य अतिथियों द्वारा कॉलेज के रिसर्च जर्नल का विमोचन भी किया गया। विषय प्रवेश हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार झा ने किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:05.07.2025, PAGE-06**

# विवि व एमआईटी में आज से दाखिला शुरू

- बीआरएबीयू में स्नातक की पहली मेरिट लिस्ट जारी
- मेरिट लिस्ट में 1 लाख 21 हजार 350 छात्रों के नाम

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू व एमआईटी में शनिवार से दाखिले की दौड़ शुरू होगी। बीआरएबीयू में शुक्रवार को स्नातक में दाखिले की पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई।

मेरिट लिस्ट में 1 लाख 21 हजार 350 छात्रों के नाम जारी किये गये हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने सभी प्राचार्यों को पांच से 12 जुलाई तक दाखिला लेने का निर्देश दिया है। स्नातक में 1 लाख 59 हजार छात्रों ने आवेदन किये हैं।

## जूलॉजी में गया सबसे अधिक कटऑफ

जूलॉजी विषय में सबसे अधिक 98 .6 प्रतिशत कटऑफ गया है। इसके अलावा अर्थशास्त्र में 97 .6 प्रतिशत, हिन्दी में 94 .6 प्रतिशत, हिस्ट्री में 94 .4 प्रतिशत, फिजिक्स में 96 .4 प्रतिशत और गणित में 94 .2 प्रतिशत कटऑफ गया है। सूत्रों ने बताया कि इसबार पंजाब बोर्ड से कई छात्रों ने आवेदन किये थे। उनके अंक काफी ज्यादा थे, इसलिए कटऑफ हाई हो गया है।

**कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स में सीटें बढ़ीं:** एमआईटी में भी शनिवार से बीटेक में दाखिले शुरू हो जाएंगे। दाखिले के बीसीईसीई ने कोटिवार 492 सीटें आवंटित की हैं। एमआईटी के प्राचार्य प्रो. मिथिलेश कुमार झा ने बताया कि इसबार बीटेक के 10 ब्रांच में दाखिला लिया जायेगा। केमिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में भी दाखिला होगा। कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स में सीटें बढ़ीं हैं। दोनों में इसबार 60-60 सीटों पर दाखिला लिया जाएगा। कंप्यूटर में पहले 30 और इलेक्ट्रॉनिक्स में 40 सीटों पर दाखिला लिया जाता था। एमआईटी के रजिस्ट्रार डॉ. रजनीश कुमार ने कहा कि नामांकन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

प्राचार्य ने बताया कि छात्र को सर्टिफिकेट और बीसीईसीई से मिले अलाटमेंट लेटर को लेकर आना होगा। दाखिले के लिए शिक्षकों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है। दाखिला सुबह 10 से शाम पांच बजे तक लिया जायेगा। एमआईटी में रैगिंग रोकने को लेकर भी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्राचार्य ने बताया कि एंटी रैगिंग स्क्वायड नया बनाया जायेगा। पहले दिन रैगिंग स्क्वायड अलर्ट मोड में रहेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:05.07.2025, PAGE-06**

# स्नातक में नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने स्नातक की 1.27 लाख सीटों पर नामांकन के लिए पहली मेरिट लिस्ट शुक्रवार को जारी कर दी है। इस आधार पर अब शनिवार से 12 जुलाई तक कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया होगी। पहली मेधा सूची में कुल एक लाख 27 हजार 350 विद्यार्थियों को स्थान मिला है। 15 जुलाई से कालेजों में कक्षाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। निर्धारित अवधि में नामांकन के बाद कालेज रिपोर्ट अपडेट करेंगे। इस आधार पर दूसरी सूची जारी होगी। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि सत्र 2025 - 29 में होने वाले नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। नामांकन के लिए

**आज से 12 जुलाई तक कालेजों में होगा नामांकन, 1.27 लाख सीटों के लिए जारी हुई लिस्ट**

**15 से शुरू होंगी कक्षाएं**

गाइडलाइन सभी कालेजों को उपलब्ध करा दिया गया है।

**दस्तावेजों की जांच के बाद ही होगा नामांकन :** विश्वविद्यालय की ओर से कालेजों को नामांकन के लिए निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि आनलाइन आवेदन के समय अपलोड करने वाले दस्तावेज की जांच के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित छात्र का नामांकन रद कर दिया जाएगा। अगर किसी कालेज की ओर से गड़बड़ी की जाती है तो कार्रवाई होगी। साथ ही राजभवन की ओर से अधिसूचित शुल्क के आधार पर ही कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अगर कोई कालेज आदेश का पालन नहीं करते हैं और शिकायत मिलती है तो कारंवा ई होगी। कालेजों को वेबसाइट पर शुल्क संरचना की जानकारी अपलोड करनी होगी। साथ ही नामांकन में लिए जाने वाले शुल्क की कापी डीएसडब्ल्यू कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी।

**कालेजवार जारी किया गया है कटआफ :** स्नातक में नामांकन के लिए प्रीमियर कालेजों का कटआफ अधिक रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से कालेजवार कटआफ जारी किया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**



DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 05.07.2025, PAGE-06

## अपनी ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित कर विश्वगुरु बनेगा भारत : राज्यपाल

एलएस कालेज के 126वें स्थापना दिवस समारोह को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने किया संबोधित

### गोलियों-गालियों से निकल बिहार का युवा गूगल और ग्लोबल से जुड़ रहा

## पैनल मंगाकर ही विश्वविद्यालयों में की नियुक्तियां : राज्यपाल

## जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

### समारोह के दौरान कलाकार आयोग के गठन की मांग

### राज्यपाल प्रतिनिधि बनाए जाने पर आभार जताया

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE:05.07.2025, PAGE-06

# आठ से नौ जुलाई को काउंसिलिंग में अनुभव प्रमाण पत्रों की होगी जांच

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में आठ और नौ जुलाई को अंग्रेजी और होम साइंस के लिए चयनित सहायक प्राध्यापकों की काउंसिलिंग में अनुभव प्रमाण पत्रों की जांच होगी। अभ्यर्थियों को साक्ष्य के साथ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में काउंसिलिंग के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जारी सूची में संशोधन किया गया है। इसमें अनुभव प्रमाण पत्र को सबसे पहले जोड़ा गया है। वहीं काउंसिलिंग में साथ में लाए जने वाले दस्तावेजों की सूची को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। पूर्व में विश्वविद्यालय की ओर से 16 दस्तावेज की सूची जारी हुई थी, इसमें अनुभव प्रमाण पत्र का वर्णन नहीं किया गया था। कहा गया है कि सभी कागजात संबंधित कालेज के प्राचार्य या किसी राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कराकर अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। अनुभव प्रमाण पत्रों की जांच के लिए एक फार्मेट जारी किया गया है। इसमें कुल 15 बिंदुओं की जानकारी उपलब्ध करानी है। उल्लेखनीय है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग की अनुशंसा पर शिक्षा विभाग के स्तर से विश्वविद्यालय को अंग्रेजी और होम साइंस विषयों के लिए चयनित सहायक प्राध्यापकों की सूची भेजी गई है। उनकी काउंसिलिंग गेस्ट हाउस में होनी है।

- अनुभव प्रमाण पत्रों की जांच के लिए विश्वविद्यालय ने जारी किया संशोधित फार्मेट
- पूर्व में काउंसिलिंग के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जारी सूची में किया गया संशोधन

### सभी को ये जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य

- अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले महाविद्यालय का नाम, पता के साथ विषय
- अभ्यर्थी का यूनिक आइडी नंबर
- अनुभव प्रमाण पत्र की पत्रांक संख्या व तिथि डिस्पैच रजिस्टर की सत्यापित प्रति के साथ
- नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन का ब्योरा
- नियुक्ति के कार्रवाई रजिस्टर की सत्यापित प्रति
- नियुक्ति से संबंधित विषय का सरकार से संबंधन और पद सृजन का पत्र
- अभ्यर्थी की नियुक्ति व योगदान से संबंधित सत्यापित प्रति
- अभ्यर्थी के पद त्याग या कार्यरत रहने की तिथि से संबंधित प्रमाणित प्रति
- अभ्यर्थी को किए गए वेतन भुगतान या अनुदान भुगतान का साक्ष्य बैंक स्टेटमेंट सहित
- अभ्यर्थी की उपस्थिति पंजी की सत्यापित प्रति और प्रबंधकारिणी समिति की कार्रवाई पुस्तिका की सत्यापित प्रति।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 05.07.2025, PAGE-04

# पारदर्शी तरीके से होगी प्राचार्य की नियुक्ति



एलएस कॉलेज में आयोजित समारोह में विचार रखते राज्यपाल.

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू समेत अंगीभूत कॉलेजों में आयोग से चयनित प्राचार्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है. एलएस कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह से बाहर निकलने के बाद पत्रकारों के प्रश्न पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि पारदर्शी तरीके से कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्ति होगी. इसके लिए दो महीने तक विश्वविद्यालयों से राय विचार के बाद यह निर्णय लिया गया है. लोगों ने परिपाटी बना रखी थी कि फलां व्यक्ति को यहां भेज दो. कई कॉलेज ऐसे हैं

### राज्यपाल ने कहा- दो महीने तक विश्वविद्यालयों से राय-विचार के बाद लिया निर्णय

जहां प्राचार्य बनने के लिए पांच-छह सिफारिशें आ चुकी हैं. कई कॉलेजों में कोई नहीं जाना चाहता. ऐसे में निर्णय लिया गया है कि पारदर्शी तरीके से कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्ति की जाए. राज्यपाल ने कहा कि सिस्टम को इस प्रकार पारदर्शी बनाया जा रहा है कि हमने विश्वविद्यालयों में पदाधिकारियों की नियुक्ति तक में कुलपति से पैनल मंगवाया है. उन्हीं में से रजिस्ट्रार, कंट्रोलर की नियुक्ति की है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**



PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 05.07.2025, PAGE-04


# स्नातक की मेधा सूची जारी, आज से कॉलेजों में शुरू हो जायेगा नामांकन

- प्रमाणपत्रों की जांच के बाद ही लेना है नामांकन
- आवेदन के ब्योरे से प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना होगा
- छात्र अगर नहीं दे पाते है तो दाखिला पर लगेगी रोक
- राजभवन से अधिसूचित फीस ही लें सभी कॉलेज
- फीस की प्रति जमा कराने का दिया गया निर्देश

## 30 हजार छात्र-छात्राएं वेटिंग लिस्ट में

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से स्नातक सत्र 2025-29 में दाखिले के लिए पहली मेधा सूची जारी कर दी गयी है.सूची को विवि की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है. वहीं सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को भी इसकी जानकारी दे दी गयी है.

डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि कॉलेजों से कहा है कि वे सूची में चयनित छात्र-छात्राओं का नामांकन लें. पहली सूची में 1 लाख 27 हजार 350 छात्र-छात्राओं का नाम शामिल किया गया है. पांच से 12 जुलाई तक कॉलेजों में नामांकन लिया जायेगा.

## राजभवन से निर्धारित की फी ही लेनी होगी

कॉलेजों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन के समय जो विवरण दिया है. नामांकन से पूर्व प्रमाणपत्रों का सत्यापन कर लें. यदि वे संबंधित विवरण का प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराते हैं या प्रमाणपत्र में कोई त्रुटि होती है तो उनका नामांकन नहीं लें.राजभवन की ओर से निर्धारित फीस ही लेना है. सभी कॉलेज फीस की एक प्रति अपने वेबसाइट पर और एक प्रति विवि को उपलब्ध करायेंगे.

## अधिक फी लेने की कर सकते हैं शिकायत

तय शुल्क से अधिक फीस लेने की शिकायत पर संबंधित कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. बता दें कि स्नातक में दाखिले के लिए 1.58 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था. पहली सूची के बाद करीब 30 हजार छात्र-छात्राएं वेटिंग लिस्ट में हैं. पहली सूची के बाद कॉलेजों की ओर से रिपोर्ट दी जाएगी. इसके बाद रिक्त सीटों पर दूसरी सूची जारी की जायेगी.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर लें.

## प्रीमियर कॉलेजों का इस प्रकार रहा कटऑफ

विवि की ओर से कॉलेजवार व विषयवार कटऑफ भी जारी किया गया है . प्रीमियर कॉलेजों मे करीब आधा दर्जन विषयो का कटऑफ अधिक रहा है . लंगट सिंह कॉलेज, रामदयालु सिंह कॉलेज, महंत दर्शन दास महिला, रामवृक्ष बेनीपुरी, नीतीश्वर, रामेश्वर, एमपीएस साइंस , एलएनटी कॉलेज, आरएलएसवाई कॉलेज, एमजेके कॉलेज बेतिया, एमएस कॉलेज मोतिहारी, एलएनडी कॉलेज मोतिहारी, एसएनएस समेत कई अन्य कॉलेजो मे भी कटऑफ अधिक रहा है . एलएस कॉलेज मे जूलॉजी का कटऑफ 48 .4, आरडीएस कॉलेज मे 53, एमडीडीएम कॉलेज में 48 व आरबीबीएम मे इस विषय का कटऑफ 48 गया है . मनोविज्ञान, गणित, इतिहास, हिंदी और भौतिकी का भी कटऑफ अधिक रहा है . वहीं दर्शनशास्त्र, भूगोल, उर्दू, भोजपुरी, मैथिली, पर्शियन जैसे विषयों मे विद्यार्थियो की संख्या कम होने के कारण कटऑफ कम रहा है .

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:05.07.2025, PAGE-04



एलएस कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, डिप्टी सीएम, केंद्रीय मंत्री व अन्य.



एलएस कॉलेज में हो रहे कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व अन्य प्रतिभागी.

आयोजन. लंगट सिंह कॉलेज में स्थापना दिवस समारोह, राज्यपाल और डिप्टी सीएम ने की शिरकत

# पांच प्रण को आत्मसात कर विकसित देश का निर्माण संभव : राज्यपाल

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि बिहार आने से पूर्व भी लंगट सिंह कॉलेज के बारे में काफी सुना था. आजादी के आंदोलन के समय इस कॉलेज की भूमिका व यहां से जुड़ी कहानियों के बारे में जाना था. चाह थी कि यहां आऊं. आज सुखद संयोग है कि कॉलेज अपना 126वां स्थापना दिवस मना रहा है. उन्होंने बाबू लंगट सिंह की सोच को दूरदर्शी बताया. कहा कि हमारे कितने ही स्वतंत्रता सेनानी थे जो यह नहीं जानते थे कि आजादी का सूरज देख पायेंगे या नहीं. पर उन्हें यह सुकून था कि हम नहीं भी रहे तो हमारी अगली पीढ़ी आजादी से सांस ले सकेगी. उनके सपनों को साकार करना व विकसित भारत का निर्माण करना ही उन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी. राज्यपाल लंगट सिंह कॉलेज के 126वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि व उद्घाटनकर्ता संबोधित कर रहे थे. कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है, जब हम पांच प्रण को आत्मसात करेंगे. भारत केवल भूमि का एक टुकड़ा नहीं बल्कि यह अनंत ऊर्जा का केंद्र है. हमें हमारी संस्कृति यह सिखाती है कि हमें उनके लिए भी सम्मान का भाव रखना है जो हमसे अलग हों. भारत की संस्कृति ज्ञान व प्रज्ञा की है. कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो राजीव झा ने कहा कि बाबू लंगट सिंह दूरदर्शी थे. उन्होंने 126 वर्ष पूर्व जो ज्ञान की ज्योति जलाई, उसकी लौ आज भी जगमगा रही है.

□ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर लें.



### पुराना गौरव लौटाने के लिए करेंगे प्रयास : वीसी



बीआरएबीयू के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कहा कि लंगट बाबू स्वयं कम पढ़े थे, पर उनकी सोच थी कि हमारी आगे की पीढ़ियां पढ़ते हुए आगे बढ़े. उसकी सोच विकसित भारत की संकल्पना को बल दे रही है. बाबू लंगट सिंह ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना के समय भी एक लाख रुपये का सहयोग किया था. उन्होंने कहा कि बिहार विवि का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है, लेकिन विवि को नैक से ए ग्रेड नहीं मिल सका. यह विश्वविद्यालय आपका है. कुलपति या कोई पदाधिकारी आएंगे और चले जायेंगे. विवि और इस कॉलेज का पुराना गौरव लौटने के लिए हम सभी पूरी ताकत और क्षमता के साथ प्रयास करेंगे.

### ग्लोबल मार्केट से जुड़ रहे युवा : डिप्टी सीएम



उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सिर्फ डिग्री देने की संस्था नहीं, तीर्थस्थल है. लंगट बाबू अगली पीढ़ी की जरूरतों से अवगत थे, तभी तो उन्होंने संस्थान की स्थापना की थी. लंगट सिंह कॉलेज सनातन परंपरा का भी वाहक रहा है. इन संस्थानों की बदौलत ही आज के युवा गोली या गाली से दूर होकर गूगल और ग्लोबल मार्केट से जुड़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि भारत विश्वगुरु बनेगा. यह 21वीं सदी का भारत है व शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के बल पर भारत निश्चय ही विश्वगुरु बनेगा.

### कॉलेज से पढ़े लोग रोशन कर रहे नाम



प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश राय ने अतिथियों का स्वागत किया. कहा कि बाबू लंगट सिंह ने भावी पीढ़ी को शिक्षित व सुसंस्कृत बनाने के उद्देश्य से इस संस्थान की स्थापना की थी. कॉलेज से हजारों लोग सफल होकर देश-दुनिया में अपना परचम लहरा रहे हैं. उन्होंने बाबू लंगट सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता स्थापना दिवस समारोह में बाबू लंगट सिंह के परिवार के सदस्य डॉ प्रगति सिन्हा, मेयर निर्मला साहू, बीआरएबीयू के कुलसचिव प्रो समीर शर्मा, कुलानुशासक प्रो बीएस राय, सीसीडीसी प्रो मधु सिंह के साथ ही कई कॉलेजों के प्राचार्य, लंगट सिंह कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ साजिदा अंजुम ने किया.

# स्वामी रंगनाथ की किताब से जाना विवेकानंद का व्यक्तित्व

□ रामकृष्ण मिशन आश्रम पहुंचे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रखे विचार

□ लोगों से कहा- सबकी आत्मा एक, पद की उपाधि हटने पर सब मनुष्य बराबर




रामकृष्ण मिशन आश्रम पहुंचे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां व अन्य.

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

एलएस कॉलेज के स्थापना दिवस पर आये राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रामकृष्ण आश्रम भी पहुंचे. आश्रम के सचिव स्वामी भावात्मानंद ने उनका स्वागत किया. कहा कि यह खुशी की बात है कि महामहिम पहुंचे. मिशन हमेशा से सर्व धर्म समभाव के लिए काम करता रहा है. राज्यपाल ने कहा कि रामकृष्ण मिशन से मेरा गहरा जुड़ाव रहा है. बचपन से ही किताबें पढ़ने का शौक रहा है.

एक बार मैंने स्वामी रंगनाथ नंद की वेदांत पर लिखी एक किताब की समीक्षा पढ़ी तो मेरे मन में भी पढ़ने की इच्छा हुई. मैंने पुस्तक के चारों वॉल्यूम खरीद कर पढ़ी. पुस्तक में अधिकतर पृष्ठों में स्वामी विवेकानंद के विचारों का संदर्भ दिया हुआ था. इसके बाद स्वामी विवेकानंद के विचारों का जानने की इच्छा हुई तो मैंने उन्हें पढ़ना शुरू किया. स्वामी विवेकानंद की कई पुस्तकों में आदि शंकर के विचारों का संदर्भ था. आदिशंकर ने कभी दावा नहीं किया कि वह नयी बात कह रहे हैं. उन्होंने वेदांत की व्याख्या की है. स्वामी रंगनाथ नंद कहते हैं कि ज्ञान का उपासक होने का मतलब जो ज्ञान है, वह दूसरों में बांटो, जो ज्ञान बांटा नहीं जाये, वह व्यर्थ है. ज्ञान को जब तक हम साझा नहीं करेंगे, हमें नहीं पता चलेगा कि हमारे सृजनकर्ता कौन हैं. हम सब एक है, दूसरा कोई नहीं है. सबकी आत्मा एक ही है. पद-सत्ता सब उपाधि है. यह हट जाये तो हम सभी एक जैसे हो जायेंगे. राज्यपाल ने परिसर में इएनटी अस्पताल का भ्रमण किया और आश्रम के कार्यों की सराहना की. मौके पर डीएम सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी सुशील कुमार, ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर, रामकृष्ण मिशन मैनेजिंग कमेटी के डॉ जीके ठाकुर, बिहार विवि में भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ संगीता सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे.